06 चार सदस्यीय गैंग ने यूट्यूब से तकनीक सीख...



07 शिकायतकर्ता की समस्या का संज्ञान लें व निस्तारण...





### भोले की भक्ति से सराबोर रही मां बगलामुखी की धरा, स्थान-स्थान पर भक्तों ने की पूजा अर्चना, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

# फूलों की पालकी में गुप्तेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर निकले, भोले के भजनों पर जमकर थिरके भक्त














हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव की अंतिम शाही सवारी भक्तों द्वारा नगर में धूमधाम से निकाली गई। शाही सवारी में फूलों से सुसज्जित पालकी में भगवान भोलेनाथ को दूल्हे के रूप में सुसज्जित कर निकाला गया। इस बार सवारी में कई आकर्षण के केंद्र शामिल रहे। शाही सवारी के दौरान मां बगलामुखी की धरा भोले की भक्ति से सराबोर रही। सवारी में डीजे बैंड पर बज रहे भोले के भजनों पर भक्त जमकर थिरके। स्थान - स्थान पर भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आरती की गई। सवारी के दौरान इंद्रदेव द्वारा भी जल वर्षा कर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

नगर में स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी सोमवार को दोपहर 2 बजे पूरे लाव - लश्कर के साथ प्रारंभ हुई। जिसमें भोले के भक्तों द्वारा बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया गया, जिसके चलते पूरा नगर शिवमय दिखाई दे रहा था। शाही सवारी में बाबा भोलेनाथ के मुखोटे को दूल्हे के रूप में सजा कर फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित कर शामिल किया गया। शाही सवारी में नगर के विभिन्न स्कूलों सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, यूनिक पब्लिक स्कूल, कमला सागर स्कूल, कक्का इंटरनेशनल स्कूल के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर भक्त मंडल, खंडेलवाल समाज, महाकाल मन वाटर आदि की पौराणिक एवं



धार्मिक झांकियां भी शामिल थी इसमें शिव परिवार, शिव बारात, बाबा अमरनाथ, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर आदि की झांकियां ट्रैक्टर पर थी। बाहर से आए कलाकार द्वारा देवी - देवता के साथ भगवान भोलेनाथ के रूप धारण कर सवारी में शामिल रहे। वही सवारी में भगवान भोलेनाथ, राधा - कृष्ण भी नृत्य करते हुए चल रहे थे। वहीं कलाकार सेठ सेठानी, किंग कांग, शिव पार्वती का रूप धारण कर सवारी में शामिल थे। सवारी में वनमानुष का रूप धरे कलाकार बच्चों व बड़ों का मनोरंजन करते हुए चल रहे थे। शाही सवारी में शामिल डीजे बैंड पर बज रहे भजनों पर भक्त नाचते थिरकते चल रहे थे । सवारी में श्री राम मंदिर धर्मशाला अखाड़ा की दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं तथा बजरंग दल अखाडा के कलाकारों द्वारा भी प्रदर्शन किया जा रहा था। स्थान -स्थान पर नगरवासियों ने पलक पावडे बिछाकर राजाधिराज श्री गुप्तेश्वर महादेव तथा शाही सवारी में शामिल भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई।

### जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई पूजन आरती

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से सवारी प्रारंभ होने के पूर्व राजाधिराज भगवान भोलेनाथ की पूजन आरती सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरूसिंह परिहार बापू , भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर, भाजपा वरिष्ठ नेता दिलीप सकलेचा, प्रेम मस्ताना, अशोक लोढ़ा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर, भाजपा जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, भाजपा किसान संघ जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य जीतू पाटीदार, नरेंद्र वेदिया आदि द्वारा की गई। यहां से सवारी परम्परागत मार्ग किला रोड, गोविंदपुरा,अशोक मार्ग, चौक बाजार, गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग से माँ बगलामुखी मंदिर पर पहुंची।



### शाही सवारी का विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत

शाही सवारी का विभिन्न स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वहीं स्थानीय चौक बाजार, गणपति दरवाजा, शिवाजी चौराहे सहित मां बगलामुखी मार्ग पर 20 से अधिक स्थानों पर सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा मंच के माध्यम से स्वागत कर सवारी में शामिल सभी भक्तों को फलाहारी खिचड़ी, खीर, पोहा, फल आदि सामग्री का वितरण किया गया।

### मां के आंगन में शिव का हुआ स्वागत

नगर के किला मार्ग होते हुए सवारी चोक बाजार, जवाहर मार्ग, गणपति चौराहा, पुलिस थाने के सामने से होती हुई छापीहेड़ा मार्ग से सवारी मां बगलामुखी के आंगन में पहुचीं जहां विधिविधान के साथ भगवान भोलेनाथ का मां के दरबार में भव्य स्वागत कर लखुन्दर नदी के जल से भगवान गुप्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर विशेष पूजा.अर्चना व महाआरती की गई। भगवान भोलेनाथ की आरती पश्चात सवारी गवलीपुरा, नयापुरा, गणेश चौराहा, चौक बाजार होते हुवे गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहाँ महाआरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

**इंद्रदेव ने भी बाबा का किया अभिषेक, बरसते पानी में भी नहीं डिगी आस्था:** बाबा की शाही सवारी गणेश दरवाजा के यहां पहुंची जहां इंद्र भगवान द्वारा भी भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। वहीं तेज बारिश भी भक्तों की आस्था को नहीं डिगा पाई गिरते पानी में भी भक्त बाबा भोलेनाथ के भजनों में थिरकते नजर आए पानी की वजह से भी उनके उत्साह में कोई कमी नहीं देखी तथा सभी भोले की भक्ति में रमे रहे।

**भक्तों की भीड़ से पटा दिखा नगर:** बाबा की शाही सवारी देखने को मानो पूरा नगर सहित आसपास के क्षेत्र के रहवासी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए जिसके चलते सवारी मार्ग पूरा भक्तों की भीड़ से सराबोर हो गया। जिधर देखो उधर भक्तों का सैलाब दिखाई दे रहा था हर कोई भक्त बाबा की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहा था।

### आठ दिवसीय पर्व के दौरान होगी धर्म आराधना

## श्वेतांबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व 20 से प्रारंभ होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज के पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व बुधवार से प्रारंभ होंगे। आठ दिवसीय पर्व के दौरान समाजजन विभिन्न धर्म आराधना करेंगे। शास्त्र वाचन के साथ मंदिरजी में परमात्मा की आंगीरचना, धार्मिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 24 अगस्त को भगवान का जन्म वाचन कार्यक्रम तथा 27 अगस्त को संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा। जैन समाज का सबसे पावन पर्व पर्युषण 20 अगस्त से शुरू होने जा रहा हैं। पर्व के दौरान जैन धर्मावलंबी 8 दिनों तक विभिन्न धर्म आराधना करेंगे। पर्युषण पर्व को जैन समाज में सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, इसलिए इसे पर्वाधिराज भी कहते हैं।



जैन श्वेतांबर समाज में इस बार चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा., पुण्यनिधि म.सा. आदि ठाणा 05 का चातुर्मास जैन आराधना भवन में चल रहा है। पर्व के दिनों में श्री चंद्रप्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी में परमात्मा की मनमोहक अंगीरचना होगी। जैन आराधना भवन में अष्ठानिका प्रवचन प्रातः 9: 30 से 10:30 बजे तक होंगे। पर्व के प्रथम दिवस मंदिर जी में पंचकल्याणक पूजा सागरमल बागमल तातेड परिवार की ओर से रखी गई है। पूजन श्री हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी।

पर्व के द्वितीय दिवस मंदिरजी में पार्श्वनाथ पंच कल्याण पूजन लाभार्थी श्रीमती सुशीला बाई तिलगोता की स्मृति में ऋषभकुमार लाभमल तिलगोता परिवार की ओर से रखी गई है। पूजन चंदा प्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। 22 अगस्त को दोपहर में जैन मंदिर जी में पंच कल्याणक पूजन लाभार्थी डॉ. मीनल पारसजी मुणोत परिवार की ओर से पूजन चंदा प्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। 23 अगस्त को कल्पसूत्र शास्त्र को लाभार्थी परिवार द्वारा साध्वी मंडल को शास्त्र वाचन हेतु भेंट किया जावेगा। इसके पूर्व प्रातः 9 बजे कल्पसूत्र शास्त्र की शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे जिन मंदिरजी में श्री दादा गुरुदेव पूजन लाभार्थी देवचंद विपिनकुमार ठाकुरिया परिवार की ओर से रखी गई है। पूजन चंदा प्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी।

24 अगस्त को त्रिशला नंदन वीर भगवान महावीर का जन्म वाचन कार्यक्रम होगा, इस दिन प्रातः 6 बजे जैन मंदिरजी से नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। दोपहर 1 बजे जैन आराधना भवन में जन्म वाचन कार्यक्रम होगा, जिसमें माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्न के साथ आरती की बोलियां लगाई जाएगी। जन्म वाचन के अवसर पर मंदिरजी में सुरेशचंद्र, प्रकाशचंद्र, विजयकुमार, अशोककुमार इंदरमल फाफरिया परिवार की ओर से प्रभावना का वितरण होगा। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक श्री संघ की ओर से स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम होगा। रात्रि में जिन मंदिरजी में युवराज पंवार एंड पार्टी सुनेल के द्वारा जिन मंदिरजी में प्रभु भक्ति की प्रस्तुति दी जाएगी।

इसी दिन श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम लालूखेड़ी पर परमात्मा की आरती प्रातः 10 बजे तथा आरती के पश्चात नवकारसी का कार्यक्रम होगा। 25 अगस्त को जैन आराधना भवन में प्रातः 9 बजे परमात्मा का पाठशाला गगन कार्यक्रम होगा, मंदिरजी से दोपहर 1:30 बजे परमात्मा के जन्म पर कलश यात्रा का चल समारोह निकाला जाएगा। 26 अगस्त को आराधना भवन में प्रातः 9 बजे से प्रवचन का कार्यक्रम होगा। पर्यूषण पर्व के अंतिम दिवस 27 अगस्त को बारसा सूत्र के दर्शन एवं शास्त्रजी वाचन का कार्यक्रम होगा। दोपहर 3:30 बजे जैन धर्मशाला, तथा जैन आराधना भवन में संवत्सरी महापर्व पर संवत्सरी प्रतिक्रमण होगा। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों तथा महिलाओं द्वारा भाग लेकर प्रतिक्रमण किया जाएगा तथा सभी जीवों से क्षमायाचना की जाएगी।

28 अगस्त को जैन आराधना भवन में सामूहिक क्षमायाचना, बहूमान एवं मातुश्री कमलाबाई प्रेमचंद जी धूपिया के पुत्र जयंतकुमार, दिनेशकुमार, डॉ राकेशकुमार धूपिया परिवार की ओर से केसरिया दूध का कार्यक्रम होगा। आठ दिवसीय पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः काल एवं सायंकाल का प्रतिक्रमण एवं समाजजनों के घरों से पूजन सामग्री लाने के लिए नगर में चैत्य परिपाटी जुलूस निकाला जाएगा।

### 50 घरों के पंखे-फ्रिज जले दो लोगों को करंट लगा

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी की स्मार्ट मीटर टीम की गलत वायरिंग से हादसा हुआ है। कस्बा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान टीम की लापरवाही से करीब 50 घरों के बिजली उपकरण खराब हो गए। घटना रविवार दोपहर की है। स्मार्ट मीटर टीम कस्बा में सिटी मीटर डीपीआर लगा रही थी। इस दौरान गलत वायरिंग की वजह से तेज आवाज के साथ फॉल्ट हुआ। इससे कई घरों में बिजली उपकरण खराब हो गए। दो लोगों को करंट का झटका भी लगा। हादसे के बाद स्मार्ट मीटर टीम मौके से भाग गई। पूर्व पार्षद अशफाक खान ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू होने से ही गड़बड़ियां हो रही हैं।

## लूट का खुलासा: 12 लाख का सामान जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

**रेहटी।** लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के अंदर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए 2.5 लाख रुपए नकद, सोने की चेन सहित घटना में प्रयुक्त कार सहित कुल 12 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को फरियादी पिंटू उर्फ दुर्गादास साकोरे, निवासी नागपुर ने थाना रेहटी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सलकनपुर में एक व्यक्ति से इलाज कराने आया था। आरोपी ने फरियादी को बहाने से सुनसान स्थान पर बुलाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी कार के पास लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सूचना मिलते ही शाहगंज की ओर जा रही संदिग्ध अर्टिगा कार को घेराबंदी कर रोका गया, जिसमें सवार व्यक्तियों से पूछताछ में उन्होंने लूट करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी और चेन बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी प्रकाश नाथ उर्फ गोस्वामी पिता हलके नाथ सुंदर नाथ पिता लक्ष्मण नाथ, शिवनाथ पिता मुन्ना नाथ, सुरेंद्र सारवाना पिता छदामिलाल, देवेन्द्र नाथ पिता मुकेश नाथ, भुजवल नाथ पिता दीना नाथ सभी निवासी जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया है।



### दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास के दौरान चल रहे प्रवचन

## ‘धार्मिक भावना से ही धर्म की प्रभावना बढ़ती है’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

वर्तमान की शिक्षा मात्र धर्नोपार्जन के लिए की जा रही। जीवन का उद्देश्य धन कमाना न होकर धर्म में भी लगाना चाहिए। अनुकूल वातावरण मिलने पर बच्चों में भी संस्कार आ जाते हैं। बड़े संस्कार की बजाय छोटे-छोटे संस्कार से जीवन जीना प्रारंभ करें। धार्मिक भावना से ही धर्म की प्रभावना बढ़ती है। जो धर्म से जुड़े हैं वह दूसरों का मार्गदर्शन भी करें।



स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि आज की शिक्षा मात्र धन कमाने के उद्देश्य से ली जा रही है। जीवन का उद्देश्य धन कमाना न होकर धर्म में भी लगाना चाहिए। इतना जीवन व्यतीत हो जाने पर भी हमें जीवन का लक्ष्य समझ नहीं आया। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ व सन्यास यहां चार आश्रम होते हैं। ब्रह्मचर्य अवस्था में शिक्षा ग्रहण करते हैं लेकिन शिक्षा में संस्कार नहीं है। हमारा मंदिरों में दर्शन करने पश्चात कभी यह भाव होता है कि हमारा जीवन भी भगवान जैसा हो जाय। भगवान की पूजा करते-करते हमें भी एक दिन पूज्य बनना है। भगवान का अभिषेक करते-करते हमने प्रतिमा को घीस दिया लेकिन हमारे कर्म व पाप अभी तक नहीं घिसे।

मुनिश्री ने कहाकि गुरु के हम प्रवचन सुनते हैं, वो मोक्ष मार्ग पर चलने का संदेश देते हैं, अगर यह नहीं कर सकते हैं तो उत्तम गृहस्थ जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रा करने से पहले हम बहुत सामग्री जुटा लेते हैं। अंतिम यात्रा के लिए हमें अच्छे कर्म कामना है। क्योंकि अंतिम यात्रा में हम एक भी वस्तु को ऊपर नहीं ले जा सकते है। हमारे कर्म ही हमारे साथ जाने वाले हैं। मुनिश्री ने कहाकि अपने स्वयं के रूप को तो हमने कई बार देखा, लेकिन आत्मा को भी देखने का समय निकालना चाहिए।व्यक्तिगत प्रभाव बढ़ाने में तो हम सभी लगे हैं। घर, मकान सभी प्रभावित हो ऐसा सोचते हैं इसी बाहरी नियमों की प्रभावना बढ़ाने में तो हमने कई भाव उजाड़ दिए।जो प्रमाण भुत नहीं है। आत्मा की प्रभावना के बारे में हम नहीं सोच पाए। हम आत्मा और ही समझ पा रहे हैं। देव गुरु शास्त्र के प्रति हम प्रभावना नहीं बढ़ा पा रहे है। स्वयं व परिवार के लोगों को धर्म से जोड़ने में भी धर्म प्रभावना होती है।

मुनिश्री ने कहा कि सभी बच्चे आग्रह करते हैं लेकिन अच्छे संस्कार का आग्रह हमें मनाना चाहिए। कभी-कभी बच्चे भी बड़ों को धर्म के लिए प्रभावित कर सकते हैं। जैसे छोटा सा बीज भी अंकुरण होने से विशाल वट वृक्ष बन जाते हैं। अनुकूल वातावरण मिलने पर बच्चों में भी संस्कार आ जाते हैं। बड़े संस्कार की बजाय छोटे-छोटे संस्कार से जीवन जीना प्रारंभ करें। यहा किंचित प्रभावना का उदाहरण है।क्रमशः धीरे-धीरे हमें धर्म के प्रति अपनी रूचि बढ़ाना चाहिए। धर्म के बारे में कभी भी अपने से निचले स्तर के आदमी को न देखकर आगे वाले को देखकर धर्म प्रभाव न करना चाहिए। एक-एक कदम बढ़कर हम धर्म के उच्च स्थान पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा की भावना ही धर्म की ओर ले जावेगी भावना से ही प्रभावना बढ़ती है। जो धर्म से जुड़े हैं वह दूसरों का मार्गदर्शन भी करें। निरंतर धर्म के प्रति आगे बढ़ने का हमें पुरुषार्थ करना होगा। उन्होंने वरिषेण मुनि का दृष्टांत बताते हुए कहा कि धर्म का मार्ग बढ़ता जावें, कम न हो। धर्म की सीढ़ी से कभी नीचे नहीं आना है जितना बढ़ चुके उतना तो बने रहना ही चाहिए।



**खबर संक्षेप**

## गोगा नवमी पर निकला चल समारोह, कंधों पर उठाए पवित्र निशान



**देवास।** धर्म एवं राष्ट्र रक्षा के लिए आतंकी हमलावर महमूद गजनवी से संघर्ष करने वाले, गुरू गोरखनाथ के प्रिय शिष्य वीर गोगादेव का चल समारोह वाल्मीकि समाज द्वारा गोगा नवमी पर्व पर धूमधाम से निकाला गया। इस अवसर पर रात में शहर के प्रमुख मार्गों पर चल समारोह निकाला गया। समारोह में वाल्मीकि समाज के लोग गोगादेव के निशान अपने कंधों पर लेकर चले। चल समारोह में खाटू श्याम मंदिर की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अलग-अलग जगहों से निकले पवित्र निशान उज्जैन तिराहे पर एकत्र हुए। यहां से समारोह एबी रोड से होते हुए सयाजी द्वार पहुंचा। फिर तहसील चौराहा, एमजी रोड, नॉवेल्टी चौराहा और तीन बत्ती चौराहे से होकर सुभाष चौक तक पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह मंच बनाकर चल समारोह का स्वागत किया गया। लोगों ने निशान की पूजा-अर्चना की। सुभाष चौक पर संस्था महाशक्ति की ओर से स्वागत और पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में अखाड़े के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में निशान यात्रा जारी रही।विगत तीस वर्षों से विविध अवसरों पर झांकियां एवं गोगा नवमी पर पवित्र निशान बनाते आ रहे कलाकार पटेल गजू चांवरे द्वारा इस वर्ष भी गोगा नवमी पर बनाई खाटू श्याम जी के मंदिर की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

## पक्षी छायाचित्रों की दो दिवसीय प्रदर्शनी आज से

**देवास।** विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर देवास के जाने-माने फोटोग्राफर मोहन सिंह राजपूत 19 अगस्त, मंगलवार से मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में दो दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन कर रहे हैं। इस साल की प्रदर्शनी का मुख्य विषय पक्षियों के आकर्षक चित्र है। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रातः 11 बजे होगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक गायत्रीराजे पवार करेंगी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल करेंगे। सभापति रवि जैन और सामाजिक कार्यकर्ता पं. रितेश त्रिपाठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मोहन सिंह राजपूत अपने कलात्मक और भावपूर्ण छायाचित्रों के लिए जाने जाते हैं।

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी कैमरा वॉट्सएप ग्रुप्स से मिली सफलता

# चार सदस्यीय गैंग ने यूट्यूब से तकनीक सीख एटीएम लूटने की बनाई थी योजना

### थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने ए.टी.एम. तोड़फोड़ कर नकदी चोरी की कोशिश की नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के विकासनगर चौराहे पर 13-14 अगस्त की रात अज्ञात बदमाशों ने पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को तोड़कर नकदी चोरी करने की कोशिश की। मशीन को नुकसान पहुंचा, लेकिन पैसा नहीं ले जा सके। मामले में पुलिस ने 17 अगस्त को चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो नाबालिग शामिल हैं। खास बात ये है कि उन्होंने एटीएम तोड़ने की तकनीक यूट्यूब से सीखी थी।सूचना पर औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। बैंक मैनेजर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर बनी विशेष टीम ने 'ऑपरेशन त्रिनेत्रम' के तहत 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज को व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर कर पहचान की गई और आरोपियों को पकड़ा गया।पुलिस की पूछताछ में यूट्यूब से चोरी की तकनीक सीखना सामने आई।जानकारी अनुसार 13-14 अगस्त 2025 की रात अज्ञात व्यक्तियों ने विकासनगर चौराहा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के ए.टी.एम. बूथ में घुसकर मशीन को क्षतिग्रस्त कर नकदी चुराने का प्रयास किया। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र मय फोर्स के घटना स्थल पहुंचे एवं उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया।

बैंक मैनेजर की रिपोर्ट पर से थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध क्रमांक 751/2025 धारा 331(4), 305(5), 303(2), 324(4), 62 BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा उक्त घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर "ऑपरेशन त्रिनेत्रम्" के तहत लगे 100 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरों की जाँच की गई, जिससे आरोपियों के फुटेज प्राप्त हुए। जिन्हें देवास पुलिस द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप कम्युनिटी ग्रुप्स में शेयर किया गया। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना पर रविवार को चार आरोपियों (जिनमें दो नाबालिक हैं) को पुलिस अभिरक्षा लेकर प्रारंभिक पूछताछ करने पर उनके द्वारा यूट्यूब वीडियो देखकर चोरी की योजना बनाकर घटना कारित करना स्वीकार किया गया। वे एक दिन पूर्व ही किराये पर कमरा लेकर देवास पहुंचे थे। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त संसाधन बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।पुलिस ने आरोपी विकास उर्फ विक्की पिता केदारमल पाटीदार उम्र 28 साल निवासीगण ग्राम पिपलिया भछोड़ थाना सोनकच्छ जिला देवास, रामचरण उर्फ भोला पिता कालूजी मोहिल उम्र 25 साल निवासीगण ग्राम पिपलिया भछोड़ थाना सोनकच्छ जिला देवास सहित दो अन्य के पास से 2 मिनी सिलेंडर (नोजल सहित),माचिस बॉक्स,बड़ा एवं डबल-साइड पेचकस,प्लायर,4 मोबाइल फोन,2 मोटरसाइकिल कुल कीमत लगभग 2 लाख का मश्रुका जब्त किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया,उनि एस.एस. मीणा, प्रआर सुरेश धाकड़, आर अजय जाट,अर्पित जायसवाल, लक्ष्मीकांत शर्मा एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर की भूमिका रही।






# धनतालाब घाट पर लगा जाम रेंगते निकले वाहन

### गर्मी से परेशान हुए लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर स्थित धनतालाब घाट पर जाम लगने की समस्या से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को राहत मिलने का नाम नहीं ले रही है।रोजाना यहां पर जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग जाती है। इस मार्ग का सबसे बड़ा घाट बताया जा रहा है। घाट के मोड़ पर वाहन खराब हो जाने के कारण जाम की स्थिति कई बार उत्पन्न होती है। सोमवार की सुबह से ही घाट पर जाम लग गया, जिसके कारण घाट के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। ऊपर से भीषण गर्मी के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

घाट के मुख्य मोड़ पर एक ट्रक खराब होने के कारण वाहन निकल नहीं पा रहे थे, जिसके कारण घाट पर जाम लग गया।त्योहारी छुट्टियां खत्म होने के कारण मार्ग पर आवागमन भी बढ़ गया है, ऐसे में ट्रैफिक भी अधिक देखा गया है, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस खराब ट्रक को हटाने में रूचि नहीं दिखा रहा था। हालांकि यह समस्या कोई नई नहीं है वर्षों से बनी हुई है, लेकिन आज तक जिम्मेदार शासन प्रशासन में बैठे जिम्मेदार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। घाट पर वाहन रेंगते हुए चलते दिखाई दिए। ऊपर से भीषण गर्मी के कारण बच्चे, महिलाएं परेशान होते दिखाई दिए।

जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा वंशिका पाटीदार ने बताया कि उसे 11 बजे विद्यालय पहुंचना था, लेकिन जाम में फंसने के कारण दो घंटा लेट हो गई, जिसके कारण विद्यालय में एंट्री लेने के लिए परेशान होना पड़ा।भीषण गर्मी के कारण लोग पीने के पानी के लिए भी परेशान होते हुए नजर आए। जाम में बड़ी संख्या में यात्री बसें भी फसी हुई थी, जिसके यात्रियों को भी परेशान होना पड़ा,शाम 5 बजे तक भी खराब ट्रक नहीं हटाया गया था। घाट पर उपस्थित वाहन चालक ही धीरे धीरे वाहन निकल रहे थे। हालांकि डायल हंड्रेड भी खड़ी थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

# सेंट जॉन विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक प्रवीण चौधरी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्राचार्य सिस्टर अर्पिता एवं विद्यालय प्रबंधक फादर सोनी एंटोनी की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने तिरंगे को सलामी दी। रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस और येलो हाउस के छात्रों ने रचनात्मक ढंग से परेड में भाग लेकर देशभक्ति का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में कक्षा पहली, पाँचवीं एवं दसवीं के छात्रों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाली मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही, गत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ का रोमांचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति और भक्ति के रंगों में सराबोर हो गया।

## मूर्ति मामले में एडिशनल एसपी ने किया पोलाय पहुंचकर मंदिर का निरीक्षण

**चापडा।** ग्राम पोलाय में जन्माष्टमी की रात 16 अगस्त को अज्ञात बदमाशो द्वारा राम मंदिर में रखी प्राचीन मूर्तियों को खंडित कर दिया गया था जिसको लेकर मंदिर पुजारी द्वारा पुलिस थाना कमलापुर पर लिखित में शिकायत की गई थी। इसके बाद सोमवार को कन्नौद ग्रामीण एडिशनल एसपी सौम्या जैन, थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर ग्राम पोलाय मंदिर का निरीक्षण करने पहुंचे और उक्त घटनाक्रम के संबंध में जानकारी ली। एएसपी जैन ने आश्वासन दिया कि इस मामले में गंभीरता से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी जो भी घटनाक्रम में दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अज्ञात बदमाशों द्वारा श्री राम, लक्ष्मण ,सीता की मूर्तियों को खंडित किया गया है। मंदिर पुजारी कपिल वैष्णव द्वारा घटनाक्रम को लेकर विस्तार से एडिशनल एसपी को जानकारी दी गई। इस दौरान पटवारी राजेश पंवार भी उपस्थित रहे।



# सेन थॉम एकेडमी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड, देवास ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस को उत्साह और राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाया। इस अवसर पर कक्षा 2 की एक उज्ज्वल छात्रा, एस तीक्षिका, मुख्य अतिथि थीं जिन्होंने प्राथमिक विंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और पूरे वर्ष में 100% उपस्थिति का रिकॉर्ड बनाए रखा। ।उत्सव की शुरुआत में मुख्य अतिथि और प्रिंसिपल, डॉ आर रीथीश ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया जिससे माहौल में देशभक्ति की भावना व्याप्त हो गई।

छात्रों ने देशभक्ति गीत और ऊर्जावान नृत्य, कविता और भाषण सहित सांस्कृतिक प्रदर्शनों की एक श्रृंखला प्रस्तुत कर, देश के प्रति अपने प्रेम का सबूत दिया।दिन का मुख्य आकर्षण एक नाटिका रही जिसमें, उपनिवेशिक काल के दौरान नील की खेती के खिलाफ किसानों के आंदोलन को दर्शाया गया, जिसने भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान किए गए बलिदानों की स्मृति दिलाई।खुशी और देशप्रेम से ओतप्रोत यह कार्यक्रम, अंत में सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिठाई वितरण के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम छात्रों दीक्षिता जैन और आदित्य गोयल द्वारा संचालित किया गया था।

# किराना व्यापारी एसोसिएशन की वार्षिक सभा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देवास किराना व्यापारी एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा उज्जैन रोड स्थित गॉड गिफ्ट रिसॉर्ट में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस सभा में एसोसिएशन के सदस्यों ने व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटरिया, तेल शक्कर व्यापारी मनोहर पमनानी उपस्थित थे। इनके साथ ही, एसोसिएशन संरक्षक राकेश गुप्ता और अध्यक्ष मनोज संघवी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष दीपक सिंघल ने वर्षभर के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने स्वीकार किया। सभा का मुख्य केंद्र बिंदु एसोसिएशन और व्यापारियों के हितों को लेकर किए जाने वाले आगामी कार्यों पर चर्चा रहा। बैठक में अतुल पटेल, संजय हेतवाल,प्रेम पंजवानी, सी एल शर्मा, दिलीप चावला, पंकज अग्रवाल, सुनील तलरेजा, जगदीश कुमावत, नितिन विजयवर्गीय, हीरानंद राजपाल, विजय झंवर, राजेश अग्रवाल, धर्मेंद्र नागर, आशीष जैन, कृष्णा चावला सहित एशोसिएशन के सभी सदस्य मौजूद थे। सभा का संचालन कपिल कौशल ने किया, जबकि दिलीप चावला ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी जितेंद्र पटेल ने दी। बैठक के बाद, 420 मसाले, अग्रवाल मसाले, सिमरा चाय, गगन तुअर दाल और श्री टीकम दास एंड संस जैसे विभिन्न प्रतिष्ठानों की ओर से सभी व्यापारियों को गिफ्ट भी दिए गए।

## उत्कृष्ट कार्य करने यादव हुए सम्मानित

**चापडा।** अपने थाना क्षेत्र में अपराधों पर नियंत्रण रखते हुए उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वतंत्रता दिवस पर्व के अवसर पर देवास जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा हाटपिपलिया थाना प्रभारी दीपक यादव को प्रशनचिन्ह व पत्र देकर सम्मानित किया गया। हाटपिपलिया थाने पर पदस्थ रहते हुए बेहतर पुलिसिंग करते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने एवं आम जनता के हित में उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। यादव को सम्मानित करने पर थाना स्टाफ ने आभार व्यक्त किया।

# चामुंडा काम्प्लेक्स पर विराजेंगे कृपालु के बप्पा,10 दिवसीय उत्सव में प्रतिदिन होगा भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

10 दिवसीय श्री गणेश चतुर्थी महापर्व को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। इसी कड़ी में चामुंडा कॉम्प्लेक्स परिसर में संस्था कृपालु द्वारा कृपालु के बप्पा की स्थापना की जाएगी।

बप्पा की आराधना के लिए भव्य पांडाल सजाया जा रहा है। संस्था द्वारा सोमवार को विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर बप्पा के आगमन का श्रीगणेश किया गया। संस्था द्वारा इस वर्ष 10 दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन के साथ प्रतिदिन भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति पूजन और पंडाल निर्माण के लिए भूमिपूजन से हुई, जहां भक्तों ने मिलकर "गणपति बप्पा मोरया" के जयकारे लगाए। पंडाल में आकर्षक सजावट भी की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दस दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक संदेशों से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। संस्था के सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पंडाल में दर्शन हेतु पहुंचेंगे। जहां भोजन प्रसादी भी भक्तों के लिए रखी जा रही है। भक्तों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और चामुंडा कॉम्प्लेक्स क्षेत्र गणेश भक्ति के रंग में रंग चुका है। जहां विशाल पांडाल के साथ बप्पा की आकर्षक प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आंगनबाड़ी अमोना का किया निरीक्षण

# स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान की देखी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासन निर्देशानुसार जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन सह दस्तक अभियान का आयोजन 22 जुलाई से 16 सितम्बर तक किया जा रहा है। जिले की ए.एन.एम. विहीन आंगनवाडियों में सीएमएचओ के निर्देशन में विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने आंगनवाडी क्रमांक 05 एवं 02 अमोना का निरीक्षण किया एवं दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। वार्ड क्रमांक 15 की आंगनवाडी क्रमांक 02 में एएनएम संगीता गुप्ता, आषा कार्यकर्ता सुनीता दुबे एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता ललिता मालवीय द्वारा सेवाएं प्रदाय की जा रहीं थीं।

बेक ने प्रवेश पिता अभिषेक चौधरी उम्र 10 माह, युवराज पिता राजेश मण्डोर उम्र 11 माह एवं कुमारी पिता लोकेन्द्रसिंह सिसौदिया उम्र 11 माह को विटामिन-ए सिरप पिलाया। डॉ. बेक ने आंगनवाडी में उपस्थित समस्त महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं ना केवल स्वयं जागरूक रहें वरन-आसपास की महिलाओं को भी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करें। आवश्यक है कि गर्भावस्था में शीघ्र पंजीयन के साथ चार जांचे समय पर हो, टिटनेस का टीका निर्धारित समय पर लग जाए, आयरन व कैल्शियम समय से लेना प्रारंभ किया जाए। यदि परिवार में बच्चे को स्वस्थ रखना है तो स्वयं महिला का भी स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था के प्रमुख लक्षणों से अवगत कराया एवं कहा कि जोखिम के कारणों को पहचानते हुए समय पर उपचार लेना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अतिरिक्त प्रयास करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सहित अन्य सेवाओं में पूर्ण उपलब्धि लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिंक एवं ओ.आर.एस. के उपयोग को बढावा देने, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में दस्त की रोकथाम एवं प्रबंधन, कम वजन के बच्चों की जांच कर गंभीर एवं अति गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करने एवं किसी भी प्रकार की जन्मजात विकृति की पहचान करने के निर्देश दिए। आंगनवाडी क्रमांक 5 में एएनएम ज्योति मालाकार एवं मंजुला सक्सेना, आशा कार्यकर्ता रीना दुबे द्वारा सेवाए दी जा रहीं थीं।

डॉ. बेक ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों की डयूलिस्ट अपडेट रखने, छूटे हुए बच्चो का टीकाकरण करने, स्तनपान की सही जानकारी समुदाय में देने एवं एनीमिया का शीघ्र पता लगाने हेतु निर्देषित किया। उन्होंने टीकाकरण की जानकारी ली एवं गर्भवती, धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदाय किया। इस दौरान जिला मीडिया अधिकारी श्रुति गौर तोमर एवं खण्ड विस्तार प्रशिक्षक सुखदेव रावत मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### लोक गायिका ने महोबा में काजलिया महोत्सव में मचाई धूम

**ललितपुर ।** ग्रामीण परिवेश में पली और बड़ी हुई लोकगीत गायिका ने महोबा के काजलिया महोत्सव में लोकगीत गाकर लोगों को अभीभूत कर दिया। महोबा की कजली मेला महोत्सव कीरत सागर तट पर ललितपुर की बुंदेली लोक गायिका अभिलाष वर्मा ने राष्ट्रीय गीत बुंदेलखंडी गीत के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर भजन संध्या की प्रस्तुति की अंत में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सुंदर भजन भये प्रकट परम सुखधाम जगत रखवाले। गाकर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका डा.सन्तोष चौरसिया, ईओ नगर परिषद अवधेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजमणि, क्षेत्रीय मुख्यालय प्रभारी कानपुर से अजय शुक्ला, लोकसभा सदस्य जिला पंचायत तेजस शिवहरे, सीडीओ, पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त नायक आदि मौजूद रहे। जिला विकास संरक्षण समिति व नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में आयोजित कजली महोत्सव में लोक गायिका अभिलाषा वर्मा को शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया गया।

### बीज ले जा रहे किसानों को रोकने पर विवाद

**ललितपुर।** राजकीय कृषि बीज गोदाम बिरधा में कार्यरत राहुल सिंह पटेल पुत्र अमरचंद्र ने पुलिस को तहरीर दी । कि वह मूलरूप से महानगर झांसी के थाना मऊरानीपुर के थाना लहूचरा अंतर्गत ग्राम टिलेरा निवासी राहुल सिंह पटेल का रहने वाला है । ने बताया कि बीती 11 अगस्त को नथुवा व जूजा पुत्रगण सुनु ने बीज लिया है, जिस पर राजकीय बीज गोदाम के करीब रहने वाली गुलाबबाई पत्नी कालूराम व कालूराम पुत्र बन्दू ने किसानों को रोककर बीज ले जाने से रोक लिया और गालियां देने लगा। आरोप है कि बिरधा निवासी कपिल साहू पुत्र बद्रीप्रसाद साहू व अभिषेक साहू पुत्र सीताराम ने उसे धमकाने लगा। आरोप है कि उक्त लोगों ने झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। गोदाम प्रभारी ने बताया कि जब उनके द्वारा बताया गया कि बीज नियम संगत है और उसकी इन्ट्री बिक्री रजिस्टर पर की गयी है, परन्तु उक्त लोगों ने उसे सबक सिखाने की धमकी दी। पुलिस ने गोदाम प्रभारी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है।

### छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम में हुए शामिल

**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक रुल्स एवं मैनुअल एलवी एन्टोनी देव कुमार व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को पुलिसिंग की प्रक्रियाओं, कानून-व्यवस्था की समझ प्रदान की गयी। उन्हें कानून का पालन करने वाले जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों में सामाजिक कर्तव्य और जिम्मेदारियों के प्रति जागरुकता बढ़ाई गयी तथा सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। पुलिस और छात्रों के बीच संवाद स्थापित कर, आपसी विश्वास बढ़ाने के प्रति जागरुक किया गया।

### अस्पताल में भर्ती मरीज के घर में घुसे चोर

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम जमालपुर निवासी मनीराम पुत्र भैयालाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपना ऑपरेशन कराने के लिए झांसी अस्पताल में बीते 27 जून को भर्ती किया था। बीती 7 अगस्त को जब वह घर पहुंचा तो उसने देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर के बक्से का कुण्डा टूटा मिला, जिसे खोलकर देखा कि चांदी की पायल, चांदी की करधौनी, चांदी का गुच्छा, सोने की अंगूठी व अन्य जेवरात गायब मिला था, उसने परिजनों से जानकारी की तो उसे कुछ पता नहीं चला।

सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जन शिकायतें किया निस्तारण

# शिकायतकर्ता की समस्या का संज्ञान लें व निस्तारण सुनिश्चित कराएं: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा।

इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी शिकायत में अनावश्यक विलम्ब न हो, पीड़ित को त्वरित न्याय व राहत देना जिला प्रशासन का दायित्व है, जिसके लिए आप सभी यहां उपस्थित हुए हैं। शिकायतकर्ताओं की समस्या का स्वयं संज्ञान लें और व्यक्तिगत रुचि लेकर उसका निस्तारण सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जनशिकायतों का निस्तारण करायें।



### सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस का 01, विद्युत के 02, विकास विभाग का 01 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 05 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 04, विकास के 02, पूर्ति के 02, विद्युत का 01, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, विकास के 03, पुलिस के 07, पूर्ति के 10 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील मड़ावरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें पूर्ति विभाग के 09 तथा विद्युत विभाग 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं।

### तहसील पाली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस

तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 06, पुलिस विभा का 01 तथा नगर पंचायत का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



समाजवादी छात्र सभा ने किया प्रदर्शन

## छात्र संघ चुनाव नहीं हुए तो करेंगे आंदोलन: विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्वविद्यालयों, एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर समाजवादी छात्र सभा ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा ने कहा है कि पूरे उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विगत कई वर्षों से छात्र संघ के चुनाव बंद कर हैं।

अगर चुनावों को ऐसे ही स्थगित रखा गया तो पिछड़े दलित शोषित वंचित आदिवासी समाज से आने वाले छात्र, छात्राएं जो राजनीति में अपनी सेवा देना चाहते वो कैसे आगे बढ़ेंगे। क्योंकि छात्र जीवन ही राजनीतिक दृष्टि से राजनीति की प्रथम सीढ़ी है। छात्र अपनी प्रतिभा को समाज के सामने रख नहीं पाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं हुए तो छात्र सभा आन्दोलन को बाध्य होगी। उन्होंने पिछड़े, दलित, वंचित छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए छात्र संघ चुनाव बहाल कराने की मांग की है। इस दौरान महिला सभा जिला अध्यक्ष राजकुमारी गौतम, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, आकिब खान, संजय रजक, शुभी यादव यादव, रिचा वर्मा, रुचि यादव, मोनिका, अंजलि, रवि खटीक, दीपक सेन, अमन खान, विशाल रजक, अमन झा, शहरोज खान , महिपाल,अभी जैन, शिवांश लिटौरिया, यागवेन्द्र फौजपुरा, अमन यादव, अमित कुशवाहा, अनस अहमद, रॉबिन यादव, अमित, सुनील पाल, पुष्पेंद्र यादव, भगवानदास पाल, गौरव यादव, मुलायम सिंह यादव, आमिर खान, अंकुश कृष्णपाल, रवेंद्र कुशवाहा, यशपाल,विजय यादव बुधेड़ी, दीपेश ,अभिषेक, राजाराम लोधी, रितिक, राजपाल, अंशिव, विशाल पटेल, ललित वर्मा, रविकांत , दीपचंद ,अंशुल, विक्की, विनय रजक, कृष्ण कन्हैया, सौरव, आलोक योगी, रोहित रजक, राघवेंद्र, हरदयाल राजपूत, नीरज, निखिल, नरेंद्र आकाश, सुशील, प्रदीप, उमेश कृष्णकांत, प्रदीप,शिवा, शुभम, अखिलेश सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बिल्ला में मनाया जन्माष्टमी का पर्व

## नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की गूंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री कृष्ण सेवा समिति बिल्ला थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिल्ला के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का 13 वा आयोजन बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम सेवायोजन राज्य मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ, वरिष्ठ भाजपा नेता गंधर्व सिंह लोधी विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख बार कल्याण सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य आशीष रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह लोधी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी ने की । अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया इसके बाद भगवान श्री कृष्ण की आरती की गई कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की भव्य झांकी सजाई गई जिसके सभी ने दर्शन किए ।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आयोजन कमेटी की ओर से सम्मान किया गया है इस अवसर पर सभी अतिथियों ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला और बारी-बारी से सभी ने अपने-अपने विचार रखे अतिथियों ने बिल्ला गांव में इतना भव्य कार्यक्रम करने के लिए आयोजन कमेटी को बधाई दी विचार गोष्ठी के बाद आयोजन कमेटी की ओर से मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए मटकी तोड़ने के लिए जैसे ही टोली तैयार हुई और टोली मैदान में आई तो मौके पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर टोली का उत्साहवर्धन किया जैसे-जैसे गोविंदा मटकी के नजदीक पहुंचने गए वैसे-वैसे लोगों में उत्साह




बढ़ता गया कुछ देर बाद वह नजारा देखने को मिला जिसे देखने के लिए हजारों लोग उपस्थित हुए थे।

### टोली ने मटकी को तोड़ा श्री कृष्ण के जयकारे लगे

जैसे ही टोली ने मटकी को तोड़ा तो मौके पर हजारों लोगों ने श्री कृष्ण के जयकारा लगाना शुरू कर दिए और तालियां बजाकर टोली का उत्साहवर्धन किया विजेता टोली को श्री कृष्ण सेवा समिति की ओर से नगद पुरस्कार एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में शांति व्यवस्था हेतु थानाध्यक्ष बानपुर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम का सफल संचालन रामरक्षपाल सिंह शिक्षक रमेशरा ने किया इस मौके पर श्रम सेवायोजन राज्य मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ उर्फ चंदू भैया, वरिष्ठ भाजपा नेता गंधर्व सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदीश सिंह लोधी, जिला पंचायत सदस्य आशीष रावत, ब्लॉक प्रमुख कल्याण सिंह लोधी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह लोधी,एड कमलेश कुमार लोधी, एड दिनेश लोधी हीरानगर,मंडल अध्यक्ष भाजपा रामगोपाल विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण प्रकाश द्विवेदी, अभिमन्यु सिंह सिमरधा,पूर्व प्रधान साहवेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह,पाह प्रधान अवध बिहारी पटेरिया, अनेक सिंह शिक्षक,क्षेत्र पंचायत सदस्य जमुना प्रसाद विश्वकर्मा,चंद्रावली प्रधान नेकपाल सिंह, सेमरा भागनगर प्रधान दिनेश कुमार लोधी, कुलदीप सिंह राजपूत अध्यापक,चंद्र प्रताप सिंह पंचायत सहायक बिल्ला, दीपचंद्र राजपूत इंडिया पोस्ट आदि मौजूद थे।

## मेले में रोजगार पाने का अवसर

**ललितपुर ।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा यादव ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले (कैम्पस प्लेसमेंट) का आयोजन 21 अगस्त को किया जा रहा है । रोजगार मेले में 1-ईडीयू वेंटेज, प्रा लि में 100 रिक्तियां 2- टीम प्लस एच.आर. सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड मे ट्रेनी ऑपरेटर पद हेतु 200 रिक्तियां 3-भारतीय जीवन बीमा निगम, ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेन्ट, महिला कॅरियर एजेन्ट एवं ग्रामीण कॅरियर एजेन्ट पद हेतु 100 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियों प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, आई0टी0आई0 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले (कैम्पस प्लेसमेंट) में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा । पंजीयन के उपरान्त इच्छुक अभ्यर्थी को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु इच्छित कम्पनी में अपना आवेदन भी करना होगा। साथ ही सभी को यह भी सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों (कैम्पस प्लेसमेंट) में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। यदि अभ्यर्थियों से कोई भी रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे ऋअडए ए-टअकछ/रटर/फोनकॉल को सत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या ऑफलाइन डिपोजिट न करें तथा ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर आकर सम्पर्क कर सकते हैं ।


केजीएन एकता कमेटी की आवश्यक बैठक संपन्न

## जश्न-ए-ईद मीलादुन्नवी पर होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

केजीएन एकता कमेटी की एक आवश्यक बैठक आजम पठान के आवास पर पार्षद अफजुल रहमान की संरक्षकता व राशिद खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष पर भी कमेटी द्वारा आगामी 05 सितम्बर 2025 को जश्ने ईद मीलादुन्नावी के अवसर पर कमेटी द्वारा कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें कमेटी स्थान मोहल्ला नदीपुरा मे चौकी के पास लंगर का इन्तजाम एवं जलसे का पुरखुलूश इस्तकबाल कमेटी के द्वारा किया जाएगा।



मीटिंग मे पार्षद अफजुल रहमान, हबीव पठान, रियाज मंसूरी, पार्षद अब्दुल बारी, अन्सार कप्तान, मोहसिन मंसूरी, राशिद खान, ईशा पठान, पूर्व पार्षद वाकिर अली, जाविद कुरैशी, इमरान अली, मोसिन पठान (गोलू), मुजफफर पठान, राजू सफारी, रवि राजा, रफीक अली, आजम पठान, अक्षय पठान, राजू मिस्त्री, इरफान खान, संदेश परिहार, लालू भाई, पत्रकार जाविद किरमानी, अकरम (विटटू), इरफान खान, वाहिद अली, रोमान नेता, वशीम मिस्त्री, नईम मिस्त्री, अजमेरी, समीर (वब्लू), जुनैद, ताजउददीन, वन्टीताज, नदीम, आसिफ (किटटू), नदीम, नसीम चंदेरी, तन्वीर, वाहिद अली, हल्कू भाई, रज्जव अली, शन्नी शबनम, आमिर अप्पू, शाहरूख, जाविद खान, माजिद खान, फरदीन पठान आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन रियाज मंसूरी ने किया।

## खड़ोवरा गांव में दो पक्षों में मारपीट चले धारदार हथियार, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम खड़ोवरा में बीते शनिवार रात को दो पक्षों में जोरदार विवाद हो गया। इस झगड़े में धारदार हथियारों से हमला करने और जान से मारने की धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इस प्रकरण में खड़ोवरा निवासी रघुवीर शरण पुत्र रोशनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात करीब 8 बजे वह घर के पास दुकान पर बैठा था, तभी रामसेवक, रोशनलाल को बेवजह गालियां देने लगा। विरोध करने पर रामसेवक पुत्र निरपत, रविन्द्र पुत्र शरमन, शरमन पुत्र निरपत, राजेन्द्र पुत्र रामसेवक, राजवीर पुत्र रामसेवक व सिमिरिया निवासी दामाद विकास ने अपने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ एकराय होकर आये और मारपीट करने लगा। शोरगुल सुनकर विनीता, उर्मिला, रोशन, लाड़कुंवर, सोनी इत्यादि एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगा व धारदार हथियार व अन्य हथियारों से मारपीट कर दी, जिससे महिलाएं घायल हो गयी। आरोप है कि रघुवीर व छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कमरे में जान बचाकर भाग गया।


**पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज की रिपोर्ट**

पूरे घटनाक्रम का रिकॉर्डिंग वीडियो के रूप में मौजूद है। आरोप है कि मंगलसूत्र था जो कि विवाद में कहीं गिर गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। दूसरे पक्ष की ओर से रामसेवक अहिरवार पुत्र निरपत अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि करीब दो माह पहले एक महिला ने आत्महत्या कर ली थी, जिस कारण रोशन के परिजनों को पुलिस ने पकड़ा था। बताया कि इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने रोशन पुत्र गरीबा, रघुवीर पुत्र रोशनलाल, बलवीर पुत्र रोशन, सोनी पुत्र गरीबा से कहने लगा कि परिवार के सदस्य के कारण उसके परिजन जेल चले गये। इसी बात को लेकर मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

## क्षत्रिय समाज पर टिप्पणी से आक्रोश दो युवकों पर लगाए गए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सोशल मीडिया पर क्षत्रिय समाज को टारगेट करके वीडियो बनाकर अपलोड किये जाने से आक्रोशित सजातीय बंधुओं ने लामबंद होकर पुलिस अधीक्षक को संबोधित करते हुये एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष सत्यप्रताप सिंह परमार ने बताया कि विगत दिनों सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम व फेसबुक पर रवि मौर्या के नाम से आई.डी. बनाकर ग्राम रघुनाथपुरा में रहने वाले दो युवकों ने क्षत्रिय समाज को टारगेट करके उक्त लोगों के द्वारा भद्दी-भद्दी गालियां सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था, जिससे सभी क्षत्रिय समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है। सेना ने पुलिस अधीक्षक से ऐसे समाज विरोधी लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज



कर कड़ी कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है, ताकि ऐसे कृत्यों की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष सत्यप्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह तोमर, गौरव सिंह, आनंद सिंह, भूपेन्द्र सिंह परमार, वीपेन्द्र सिंह परमार, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अभिराज राजा, अमर सिंह गौर, अक्षय राजा, अंगद सिंह, संदीप सिंह, दीपेन्द्र सिंह, राजवद्र्धन सिंह, साहब सिंह बुन्देला, धीरज राजा, उदयसिंह परिहार, रमाकान्त चौबे, वीरू राजा, विकास राजा, बन्टी राजा, सुरेन्द्र पाल सिंह गौर, दानवीर सिंह, सोनू राजा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस व जन्माष्टमी को लेकर कवि सम्मेलन संपन्न

## अब हर दिल में कंस बैठा है, धरती पर श्रीकृष्ण का अवतार होना चाहिए...

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कौमी एकता वो प्रतिसाहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदवी संगम तले स्थानीय एक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की जन्म उत्सव की मौके पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कवि काका ललितपुरी ने की। सफल संचालन संस्था अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन ने किया। उन्होंने देश के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए एक शेर पढ़ा कलयुग की महाभारत के तुम ही कृष्ण और अर्जुन हो दुपट्टों का संघार होना चाहिए, पहले एक कंस था अव हर दिल में कंस बैठा है धरती पर श्रीकृष्ण का अवतार होना चाहिए। सुमनलता शर्मा चांदनी ने कहा कि प्रेम में दीवानी हो गई बृजभान की लाली अपने नंदलाल को ढूंढ रही है गली-गली। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए पुरुषोत्तम



नारायण ने कहा कि देशभक्ति रचना पेश की हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर खाओ मिठाई। राधेश्याम ताम्रकार ने कहा कि शहादत में हमको नया कुछ नहीं हम तो पैदा हुई वतन के लिये। वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी राजाराम खटीक ने शहर पढ़ते हुए कहा एकता के गुलशन में खिलते हैं, फूल नफरत की बंजर धरती पर उगते हैं बबुल। एम.आर.खान ने कहा कि दिल जिगर जान है यारों मेरा भारत महान है यारो। अंत में अध्यक्षता कर रहे काका ललितपुरी ने कहा कि इस दिन मुक्त हुआ था भारत यह दिन बहुत है प्यारा, भारतवर्ष हमारा है भारत वासी का नारा। कार्यक्रम में रामप्रकाश शर्मा, परिचय नामदेव, राजेश राठौर, बृजेश श्रीवास्तव, मनी कुशवाहा, दयाचंद, नैतिक, चंचल, दीपिका, रामदेवी कुशवाहा, अंजली यादव, मीरा नामदेव, अंजलि, दिव्या, अन्य, वंदना, राधिका, आयुषी, सिद्धि, आशी आदि श्रोतागण उपस्थित थे। अंत में संयोजक रामस्वरूप नामदेव ने आभार व्यक्त किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जल विहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की व नगर के गणमान्य नागरिकों, मंदिरों के प्रबंधक एवं पुजारियों एक बैठक तालाबपुरा स्थिति धनुषधारी मंदिर पर अशोक पटैरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें 3 सितंबर दिन बुधवार को जलबिहार पर्व (डोल ग्यारस) पर्व परंपरागत श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार कर व्यवस्थाएं सौंपी गईं। बताया गया कि आगामी 3 सितंबर दिन बुधवार को श्रीरघुनाथ जी मंदिर चौबेयाना से शाम 5 से सभी मंदिरों के विमान की शोभायात्रा रघुनाथ जी मंदिर से प्रारंभ होगी। विमान में विराजे भगवान बांके बिहारी गाजे बाजे के साथ जल बिहार के लिए सुमेरा तालाब को रवाना होंगे। यह शोभायात्रा अपने परंपरागत मार्ग से चौबयाना, रावरपुरा, सुभाषपुरा, घंटाघर, वीर सावरकर चौक,



तालाबपुरा होते हुए सुमेरा तालाब पर पहुंचेगी। यहां पवित्र गंगाजल से भगवान बांके बिहारी जल बिहार करेंगे। जल अभिषेक के बाद महाआरती होगी। रात्रि 8 बजे के बाद महाआरती के पश्चात सभी विमान वापस सावरकर चौक से कटरा बाजार गणेश झांकी स्थल पहुंचेंगे, यहां आरती के पश्चात जगदीश मंदिर व घंटाघर स्थित थानेश्वर मंदिर पहुंचेंगे, जहां महाआरती होगी। इसके पश्चात विमान अपने-अपने देवालयों के लिए प्रस्थान करेंगे। इस आयोजन को और भव्य बनाने के लिए सड़क सुरक्षा प्रशासन व्यवस्था एवं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए समिति का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रशासक से मिलेगा व व्यवस्थाओं के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। विचार व अवसर पर समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. श्यामांकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संयोजक पं.जगदीश पाठक, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, भारत रिछारिया, शिवकुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, अवधेश कौशिक, पं.मुन्नालाल त्यागी, रवींद्र पाठक, समीर चौबे, डा.दीपक चौबे, शरद खैरा, गोविंद नारायण रावत, पवन शास्त्री, राजू सिंधी, कृष्णबिहारी मिश्रा, राजीव कटारे, विलास पटैरिया, सुनील कुमार, ओपी रिछारिया, जगत नारायण रावत, मथुरा प्रसाद सोनी, कृष्णकांत सोनी, सुबोध गोस्वामी, हरिशंकर, सौरभ शर्मा, डा.जयप्रकाश चौबे, सचिन साहू, रामप्रसाद, वासुदेव पटवा, पीयूष दुबे, राजीव सुडेले, अखिलेश शांडिल, प्रभाकर शर्मा, ब्रजेश नारायण तिवारी, रविकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## जिले में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व, ब्यावरा के खाटूश्याम मंदिर में हुआ आयोजन

# जन्माष्टमी: रात्रि 12 बजते ही मंदिरों व जेलों में गूंजे यशोदा नंदन के जयकारे

### विभिन्न मंदिरों में सजाई गईं राधा-कृष्ण की मनोहारी झांकियां, मटकी फोड़ के भी हुए आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का जन्माष्टमी पर्व जिले भर में धूमधाम एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी पर रात्रि 12 बजते ही सभी मंदिर और जेलों में बनाई गई झांकियों में भगवान श्री कृष्ण के जयकारे गूंज उठे और श्रृद्धालुओं ने महाआरती उपरान्त भगवान का माखन, मिश्री सहित अन्य प्रकार के भोग अर्पित किए। स्थानीय जिला जेल में जन्माष्टमी पर्व हेतु गत वर्षों से थोड़े अलग इंतेजाम किए गए थे। पूर्व के सालों में जन्माष्टमी पर्व पर सिर्फ जेल के बाहर झांकी सजाकर लोगों को दर्शन करवाए जाते थे लेकिन इस बार हिन्दू उत्सव समिति सहित अन्य श्रृद्धालुओं के आगृह पर जेल प्रबंधन ने जेल परिसर में ही स्थित लॉकअप में साज-सज्जा के साथ झांकी सजाई। रात्रि में ही सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला, पुरुषों सहित अन्य श्रृद्धालुओं ने भगवान का पालना झुलाते हुए उनके दर्शन कर प्रसादी गृहण की।

इसी तरह पारायण चौक स्थित गिर्राजधरण मंदिर, मथुराधीशजी की हवेली सहित अन्य मंदिरों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। इसके साथ ही भगवान के भजनों पर आधारित संगीत संध्या का आयोजन भी पारायण समिति में आयोजित किया गया।

#### कई जगह हुए मटकी फोड़ के आयोजन

भगवान कृष्ण के जन्म के अगले दिवस कल रविवार को मुख्यालय के कुछ स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। स्थानीय पारायण चौक में लाल माता ग्रुप द्वारा अंधी मटकी के साथ काफी ऊंचाई पर दही हांडी बांधकर प्रतियोगिता आयोजित की गई। देर रात्रि तक विभिन्न टोलियां मटकी फोड़ने के प्रयासों में लगी रही।

#### बाल कलाकारों की मनमोहक लीलाओं ने किया मंत्रमुग्ध

इसी कड़ी में ब्रहाकुमारीज संस्था के शिव वरदान सेवा केंद्र में भी जन्माष्टमी पर शाम 6 बजे से रात्रि 8 तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बनाई गई झांकी का उद्धघाटन राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्धाज, जिला पंचायत एसीईओ अर्पित गुप्ता, साक्षी गुप्ता एवं मधु बहिन ने किया। इस अवसर पर बाल कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण की बाल-लीलाओं का सुंदर मंचन किया जिसे देखकर श्रृद्धालु भावविभोर हो उठे। संस्था प्रमुख मधु दीदी ने जन्माष्टमी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि भारत की धरती पर कभी स्वर्णिम युग था, जहां सौलह कला संपूर्ण सर्वगुण संपन्न भगवान श्रीकृष्ण का राज्य था। आज परम पिता परमात्मा भी हमें वहीं शिक्षा दे रहे हैं कि हम अपने जीवन को दिव्य गुणों से सुसज्जित कर पुनः उस सुंदर दुनिया को स्थापित करें।

#### रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा मंदिर परिसर

ब्यावरा के श्री खाटू श्याम धाम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रशासन ने इस अवसर पर विशेष सजावट की। रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने श्नंद घर आनंद भयो श और श्हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। इस अवसर पर बाबा श्री खाटू श्याम जी का 51 किलो गेंदे के फूलों से श्रृंगार किया गया। रात्रि में छप्पन भोग लगाया गया। श्री कृष्ण को पालने में झुलाया गया। विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के कई लोग शामिल हुए।सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। देर रात तक भजन संध्या का आयोजन चला। कलाकारों ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में झूमते और गाते नजर आए। मंदिर प्रबंधन ने इस पर्व के लिए विशेष तैयारियां की थीं। जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर रात्रि 12 बजे विशेष आरती की गई। जिसमें कई लोग शामिल होने के लिए पहुंचे। बाबा श्री खाटू श्याम और लड्डू गोपाल की आरती की गई।

#### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर 151 श्रीलड्डू गोपाल की प्रतिष्ठा



सारंगपुर। जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सपरिवार 151 श्रीलड्डू गोपाल जी की विधिवत पूजन-अर्चन, आरती एवं भव्य प्रतिष्ठा सम्पन्न की। आयोजन की विशेषता रही कि प्रत्येक श्रद्धालु को भगवान श्रीलड्डू गोपाल जी की प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान की गई, ताकि हर घर में पूजन-अर्चन की परंपरा स्थापित हो और गृहस्थ जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि का संचार हो। मंत्री टेटवाल ने कहा "योगेश्वर श्रीकृष्ण जी का जीवन धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का प्रतीक है।

---

## अधिकारी भी लीपापोती में रख रहे विश्वास

# 20 दिनों में भी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचा स्वास्थ्य विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा


जिन स्वास्थ्य केंद्रों पर पोस्ट नहीं वहीं कर दिए स्थानांतरण, संबंधितों को मिला हाईकोर्ट से स्टे

नियम को ताक पर रख स्वास्थ्य विभाग में कर दिए गए ट्रांसफर

जिला स्वास्थ्य विभाग के मुखिया के तौर पर एक सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा गई और दूसरी डॉ शोभा पटेल आईं। कर्मचारियों और अधिकारियों ने सोचा होगा की कुछ बदलेगा परंतु वही पुराने ढर्रे पर चलना शुरू कर चुकी नई सीएमएचओ भी विभाग में भ्रष्टाचार की सर्जरी नहीं उसे बनाए रखने में ज्यादा विश्वास रखती हैं। ऐसा कहने के पीछे पिछले 28 जुलाई को हरिभूमि में छापी गया समाचार जिसमें सहायक ग्रेड-2 बाबू दीपक द्वारा तत्कालीन सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा की अनुपस्थिती का फायद उठाते हुए कई कर्मचारियों के स्थानांतरण संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं पर अस्वीकृत पदों पर कर दिए गए। सीधे शब्दों में समझे तो जिस स्वास्थ्य केंद्र पर वह पद है ही नहीं वहां स्थानांतरण कर दिया गया। इस समाचार को 20 दिन पूर्व प्रमुखता से छापने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसमें सीधे सीधे वर्तमान कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा से हस्ताक्षर करवा कर यह स्थानांतरण आदेश दिए गए। इतनी बडी अनियमितता पर भी स्वास्थ्य विभाग अभी तक सिर्फ जांच करवाने का कहकर बाबू को बचाने का प्रयास क्यों कर रहा है उससे स्पष्टीकरण क्यों नहीं मांगता की इसके पीछे क्या उद्देश्य था और क्या उसने कलेक्टर मिश्रा को इसके बारे में अवगत कराया था। इस सभी प्रश्नों के उत्तर कब मिलेंगे यह विभाग के मुखिया पर निर्भर करता है। उल्लेखनीय है कि संबंधित बाबू ने अपने प्रभाव और पहुंच का इस्तेमाल करते हुए मनमाने तरीके से कुछ कर्मचारियों को उन पदों पर स्थानांतरित कर दिया जो पद संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध ही नहीं है। इसी का परिणाम है कि इस तरह स्थानांतरित किए गए सभी कर्मचारियों को हाईकोर्ट इंदौर से स्टे मिल गया है।

#### इनका कहना है...

हमने कुछ लोगों की टीम बनाई है जिसकी जांच चल रही है। जैसे ही रिपोर्ट आ जाएगी तब हम बता पाएंगे।

**डॉ शोभा पटेल**
**सीएमएचओ राजगढ़**

---

## शाही सवारी का नगर में किया गया स्वागत

# छापीश्वर महादेव व जनपद महाकाल ने नगर भ्रमण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में हरि ऊं ग्रुप बस स्टैंड के तत्वावधान में 18वीं शाही सवारी शिवशंकर ताल छापीश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। छापीडेम पर स्थित शिवालय पर श्रावण मास की पूर्णाहुति के अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य तैयारियां की गई। पूर्णाहुति यज्ञ आयोजन भगवान शिव की महाआरती उतार कर किया। विशाल शाही सवारी में वाहनों पर झांकीयो सजाई गई तथा वाल्मिकी अखाड़े के जाबांज कलाकारों द्वारा एक से एक अनेकों हेरत अंगेज करतब दिखाए जिन्हे देखकर लोग दांतों तले उंगली दबा गये। इस शाही सवारी के साथ-साथ भजन-कीर्तन मण्डल एवं जनपद महाकाल मंदिर की सवारी भी निकली।

---

## घटना में प्रयुक्त हथियार किया बरामद

# सारंगपुर पुलिस ने एक घंटे में हत्या के आरोपी भाई-भाभी को दबोचा, जमीन विवाद बना कारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्वतंत्रता दिवस की सुबह शहर में हुई सनसनीखेज वारदात में सारंगपुर पुलिस ने मात्र एक घंटे के भीतर हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली। जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त की सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस को सूचना मिली कि किडी रोड पर कमल पुष्पद की उसके सगे भाई बाबूलाल ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। फरियादी भगवानसिंह पुष्पद (50) निवासी किडी रोड की रिपोर्ट पर आरोपी बाबूलाल पिता मांगीलाल पुष्पद और उसकी पत्नी सोनाबाई के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बजारा और एसडीओपी अरविंद सिंह के निर्देश पर टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। कुछ ही समय में पुलिस ने आरोपी बाबूलाल (33) और उसकी पत्नी सोनाबाई (28) को तारागंज कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने जमीन विवाद के चलते कमल पुष्पद की हत्या करना कबूल किया। बाबूलाल की निशानदेही पर कुल्हाड़ी भी जब्त की गई।

---

# नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सरस्वती विद्या मंदिर ब्यावरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया। रंगारंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के सदस्य बिहारी लाल चौधरी, कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में समिति के सदस्य दौलत राम यादव रहे। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजगढ़ विभाग के विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा, संचालन समिति के पूर्व व्यवस्थापक भारत सिंह यादव, संचालन समिति के व्यवस्थापक अशोक दांगी, सहसचिव मुकेश सेन, मातृशक्ति के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता वर्षा मंगल एवं नीलम पुष्पद विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहे। रंगारंग कार्यक्रम के पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंदिर में भगवान श्री कृष्ण की आरती के साथ हुआ।

#### अटल जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने की पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि अटल चौक, वार्ड क्रमांक 10 पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि अटल जी का जीवन शैली हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनकी सरकार एक वोट से गिरी थी, तब उन्होंने कहा था कि एक दिन पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी और देश की अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। आज वही संकल्प पूरा हुआ है।

---

## हाईवे पर दरगाह के समीप हुआ हादसा

# इलाज के लिए जा रहे थे मां-बेटे कार ने मारी टक्कर, मां गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



क्षेत्र में दुर्घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार दोपहर स्थानीय बाइपास पर एक कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार खिलचीपुर थानाक्षेत्र के गांव मोयाखेड़ा निवासी रामबाबू सौंधिया अपनी मां रतनबाई पत्नी इंदर सिंह सौंधिया उम्र 56 वर्ष को इलाज के लिए ब्यावरा लेकर जा रहे थे। इस दौरान राजगढ़ शहर की सीमा में दरगाह गेट के सामने ब्रेकर आने पर जब उन्होंने बाइक धीमी की तभी पीछे से आ रही कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में पहले से बीमार रामबाबू की मां रतनबाई घायल हो गईं वहीं रामबाबू को भी चोंटे आईं। घटना के बाद आसपास एकत्रित लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में रतनबाई के प्राथमिक उपचार उपरान्त उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया।

**तालाब में डूबने से एक की मौत-** कालीपीठ थानाक्षेत्र के गांव बांसखो निवासी हरिसिंह पिता गिरधारी तंवर उम्र 36 वर्ष की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा इत्यादि कार्यवाही उपरान्त शव को पीएम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि मृतक मानसिक रूप से कमजोर थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

---

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाला भव्य चल समारोह

# नंद घर आंनद भयो जयकारों से गूंजा शहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर में कृष्ण जन्माष्टमी शनिवार को बड़े धूमधाम हर्षउल्लास साथ मनाई गई। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की जयकारों से गूंज उठा। शहर जगह जगह मंदिरो पर रात 12 बजे घर व मंदिरो पर भगवान का जन्म हुआ। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए वही नगर में यादव समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री कृष्ण का भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में आकर्षण का केन्द्र बनी भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक नृत्य झांकियां पर कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया जो झिरी वाले खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां महाआरती महाप्रसादी वितरण की गई। चल समारोह का नगर परिषद द्वारा राजगढ़ चौराहा पर भव्य स्वागत किया। चल समारोह में राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव पूर्व नप अध्यक्ष पंकज शर्मा सहित समस्त समजाबंधु व नगरवासी शामिल हुए वही नगर के प्रमुख मंदिरो पर उमड़ा भक्तो का जनसैलाब शहर के मंदिरों पर आकर्षक साज सज्जा की गई। श्री सवारियां सेठ की 12 बजे भव्य महाआरती कर महाप्रसादी वितरण की गई। वहीं मालवा के खाटू श्याम मंदिर पर श्री श्याम का आकर्षक श्रृंगार किया श्री चरणदास जी मंदिर महाआरती का आयोजन हुआ। पुराना हाट बाजार खाकी जी मंदिर आकर्षक सजाया गया एवं छत्रपति सुंदरकांड समिति द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण हुआ।

---

## नप ने दो दिन पूर्व दी थाने को सूचना फिर भी सलामी रही अधूरी

# गॉड ऑफ ऑनर में नहीं पहुंच पाया पुलिस बल, फहराया गया तिरंगा

### पीएमश्री विद्यालय में सामूहिक रूप के कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तलेन



तलेन नगर में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय अर्ध शासकीय संस्थाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नगर के सभी स्कूल के बच्चों द्वारा नगर में घोष के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी का नगर में नगर वासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्रभात फेरी में छात्र-छात्राओं द्वारा भारत माता की जय, वंदेमातरम, आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगे जैसे नारों का उदघोष करते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्ग से होती हुई पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर पहुंची जहां नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नारायण सिंह यादव ने आन बान शान से तिरंगा फहराया गया। पीएम श्री शासकीय विद्यालय के स्काउट दल के छात्रों द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

#### पुलिस ने दिखाई लापरवाही नहीं पहुंच सके समय पर

स्वाधीनता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर सरकारी विभागों की खीचतान अब कार्यक्रम की गरीमा को गिराने लगी है। मामला तलेन नगरपरिषद द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर शुरू हुआ जब हर साल आयोजित होने वाले स्वाधीनता दिवस कार्यक्रम में बुलाने के बाद भी पुलिस बल नहीं पहुंच पाया। जिससे तिरंगे को दिए जाना वाला गॉड ऑफ ऑनर नहीं दिया जा सका। जब इस बारे में थाना प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा की थोड़ा लेट हो गए थे। वहीं नगर परिषद के अध्यक्ष ने 2 दिन पूर्व आमंत्रण भेजने की बात कही।

#### इनका कहना है...

2 दिन पहले पुलिस को पत्र लिखा गया पर नहीं आया पुलिस स्टाफ।

**नगरपरिषद अध्यक्ष तलेन**

उन्होंने तय समय से पहले शुरू कर दिया। इधर हमारी टीम थोड़ा लेट हो गई इसलिए ऐसा हुआ।

**मेहताब सिंह, थाना प्रभारी तलेन**